भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या: 995
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**स्मारकों और किलों का सर्वेक्षण**

995. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:
श्रीमती मंजू शर्मा:
क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने स्मारकों, किलों और अन्य महत्वपूर्ण भवनों का कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो गुजरात और राजस्थान राज्यों सहित तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अनुरक्षण और जीर्णोद्धार हेतु सूची में नए स्मारकों को शामिल किया है और यदि हां, तो राजस्थान सहित तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान गुजरात राज्य में स्थित समारकों/किलों की मरम्मत और अनुरक्षण के लिए कोई निधि आवंटित की गई है;

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान विशेषकर राजस्थान राज्य में कुल कितने स्मारकों का पुनरुद्धार किया गया है?

उत्तर
**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा गुजरात और राजस्थान राज्य सहित देश के सभी स्मारकों, किलों एवं अन्य महत्वपूर्ण भवनों का उनकी ऐतिहासिक, वास्तुकला एवं पुरातात्विक महत्ता का आकलन करने के लिए नियमित सर्वेक्षण किया जाता है। चयनित स्मारकों तथा पुरातात्विक स्थलों और अवशेषों को राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित किया जाता है और उनकी देखभाल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की जाती हैं जिसमें उनका संरक्षण और परिरक्षण किया जाना भी शामिल है। विगत पाँच वर्षों के दौरान, राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के रूप में घोषित किए गए स्मारकों की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

(घ) और (ङ): गुजरात राज्य में स्थित स्मारकों/किलों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए विगत तीन वर्षों के दौरान आवंटित एवं व्यय की गई निधियाँ निम्नानुसार हैं:

(रुपए करोड़ में)

| | |
|---|---|
| 2021-22 | 10.50 |
| 2022-23 | 14.09 |
| 2023-24 | 14.50 |

(च): संरक्षित स्मारकों का संरक्षण और परिरक्षण एक सतत् प्रक्रिया है जिसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा नियमित रूप से आवश्यकता और प्राथमिकता के अनुसार, निधियों और संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। ब्यौरा **अनुबंध-II** में है।

**अनुबंध-I**

लोकसभा में दिनांक 10.2.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 995 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

जनवरी, 2020 से दिसंबर, 2024 तक संरक्षित घोषित किए गए प्राचीन स्मारक तथा पुरातात्विक स्थल और अवशेष का ब्यौरा:

| **वर्ष** | **क्रम सं.** | **स्मारक/ पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष का नाम** | **स्थल** | **ज़िला** | **राज्य** |
|---|---|---|---|---|---|
| 2020 | 1 | पुरातात्विक स्थल और अवशेष | सादिकपुर सिनौली | बागपत | उत्तर प्रदेश |
| | 2 | रंगदुम मठ | रंगदुम | कारगिल | लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र) |
| 2022 | 3 | प्राचीन खदान स्थल | धोलावीरा | कच्छ | गुजरात |
| | 4 | प्राचीन खदान स्थल | धोलावीरा | कच्छ | गुजरात |
| 2023 | 5 | प्राचीन नौला | स्यूंराकोट | अल्मोड़ा | उत्तराखंड |
| | 6 | कपिलेश्वर मंदिर | कपिलेश्वर | खुर्दा | ओडिशा |
| 2024 | 7 | प्राचीन टीला संख्या VI | राखीगढ़ी | हिसार | हरियाणा |
| | 8 | प्राचीन टीला संख्या VII | राखीगढ़ी | हिसार | हरियाणा |

**अनुबंध-II**

लोकसभा में दिनांक 10.2.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 995 के भाग (च) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य में किए गए व्यय के साथ उन स्मारकों की संख्या जहां संरक्षण और विकास कार्य किए गए हैं

| **वर्ष** | **स्मारकों की संख्या** | **किया गया व्यय** |
|---|---|---|
| 2021-22 | 55 | 8,86,25,346 रुपए |
| 2022-23 | 62 | 12,19,61,349 रुपए |
| 2023-24 | 69 | 16,16,92,764 रुपए |

*****